गद्यांश - 2

लक्ष्मीबाई एक साधारण परिवार में पैदा हुई थीं किंतु उनका विवाह झाँसी के राजा गंगाधर राव से हुआ था। अभी लक्ष्मीबाई 18 वर्ष की ही थीं कि राजा चल बसे। उसके बाद लक्ष्मीबाई राज करने लगीं। प्रजा उन्हें प्यार करती थी। उस समय अंग्रेज़ों ने भारत के लिए एक सरकार बना रखी थी, किंतु भारत के अनेक भागों में अलग-अलग भारतीय शासक थे। अंग्रेज़ों को यह बात अच्छी नहीं लगती थी। वे चाहते थे कि वे शासक भी उसके शासन के अंतर्गत आ जाएँ।

अंग्रेज़ों ने एक कानून बनाया कि यदि कोई राजा निस्संतान मरता है तो उसका राज्य अंग्रेजों के शासन में शामिल कर लिया जाएगा, किंतु भारत की ऐसी परंपरा है कि ऐसी स्थिति में राजा किसी बालक को गोद ले लेता है और वही दत्तक पुत्र आगे चलकर राजा की मृत्यु के बाद राजा बनता है। रानी लक्ष्मीबाई ने भी एक बालक को गोद ले लिया और उसी की ओर से राजकाज देख रही थीं। अंग्रेज़ों ने उस व्यवस्था को नकारते हुए रानी के अधिकार को मान्यता देने से मना कर दिया।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

प्रश्न 1 : लक्ष्मीबाई का विवाह किसके साथ हुआ था?

प्रश्न 2 : अंग्रेजों को कौन-सी बात अच्छी नहीं लगती थी?

प्रश्न 3 : अंग्रेज़ों ने क्या कानून बनाया था?

प्रश्न 4 : राजा के निस्संतान होने की स्थिति में क्या परंपरा थी?

प्रश्न 5 : इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।